हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 30 नवंबर 2025











## खबर संक्षेप

### गीता जयंती के अवसर पर आयोजित होंगे गीता महोत्सव कार्यक्रम

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर 1 दिसम्बर को प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रदेश के साथ ही जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी जनपदों, स्कूल-कॉलेजों में सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों द्वारा सहभागिता की जाएगी। कार्यक्रम के लिए जिला परियोजना अधिकारी दिनेश बर्फा को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही सभी एसडीएम को अपने-अपने विकासखंडों का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### ग्राम टीकामोड में डेंटल फ्लोरोसिस जांच शिविर आयोजित

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के भैरूंदा विकासखंड के ग्राम टीकामोड स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में डेंटल फ्लोरोसिस जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 50 छात्र-छात्राओं की फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से कुल 15 डेंटल फ्लोरोसिस के मामले सामने आए। शिविर के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. रूचिरा उईके एवं मेडिकल स्टॉफ उपस्थित थे।

### शाहगंज थाने का स्थायी वारंटी है गौहरगंज दुष्कर्मी सलमान

**सीहोर।** रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के बाद 'शॉर्ट एनकाउंटर' में घायल हुआ आरोपी सलमान न केवल जघन्य अपराधी है, बल्कि वह सीहोर जिले के शाहगंज थाने का भी स्थायी वारंटी है। शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के अनुसार गौहरगंज दुष्कर्म का आरोपी सलमान बुदनी न्यायालय द्वारा जारी किया गया स्थायी वारंटी भी है। यह वारंट उसके खिलाफ 2019 में दर्ज हुए घर में घुसकर मोबाइल चोरी के मामले में जारी किया गया था। पुलिस के अनुमान यह मामला साल 2019 में शाहगंज में घर में घुसकर मोबाइल चोरी का। फरियादी आबिद खां पिता शब्बीर खां वार्ड क्रमांक 6, नई बस्ती शाहगंज। आरोपी सलमान ने फरियादी के घर में घुसकर सैमसंग कंपनी का मोबाइल चुरा लिया था। यह मामला बुदनी न्यायालय में चल रहा है, शाहगंज पुलिस ने सलमान को इस मामले में 28 अप्रैल 2019 को गिरफ्तार किया था और मामला बुदनी न्यायालय में चल रहा था। न्यायालय की सुनवाई में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण बुदनी कोर्ट ने 2023 में आरोपी सलमान को स्थायी वारंटी घोषित कर दिया था। यह आरोपी गौहरगंज में किराए के मकान में रहता था। उसने 21 नवंबर को 6 वर्षीय मासूम को चॉकलेट के बहाने जंगल ले जाकर दुष्कर्म किया था।

## उच्च न्यायालय ने फर्जी डिक्री को अवैधानिक बताते हुए कहा भूमि मंदिर की ही है

### वर्षों से चला आ रहा विवाद समाप्त

# करोड़ों की मूर्ति श्रीराम मंदिर धर्मशाला की बेशकीमती जमीन सरकार को मिली वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इंदौर ने प्रकरण एफए/204/2007 में राज्य शासन के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय देते हुए नगर में स्थित प्रसिद्ध मूर्ति श्रीराम मंदिर (मां बगलामुखी मंदिर परिसर) की बहुमूल्य भूमि पर राज्य का अधिकार एक बार फिर से स्थापित कर दिया है। यह विवाद दो दशकों से अधिक समय से लंबित था और वर्ष 1997 में प्रतिवादी पक्ष ने महत्वपूर्ण तथ्यों को छुपाकर व फर्जी आधार पर एक डिक्री प्राप्त कर ली थी। बाद में इस डिक्री की सत्यता पर गंभीर प्रश्न चिन्ह उठे और माननीय अपर जिला न्यायाधीश आगर ने 14.03.2007 को विस्तृत साक्ष्यों के आधार पर उस डिक्री को अवैध व शून्य घोषित कर दिया था।

उक्त निर्णय के विरुद्ध दायर प्रथम अपील को उच्च न्यायालय ने अब पूर्ण रूप से खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि 1997 की डिक्री धोखे और दस्तावेजों के दमन से प्राप्त की गई थी तथा विधिक रूप से टिकाऊ नहीं है। न्यायालय ने यह भी माना कि मंदिर/मूर्ति को उस वाद में पक्षकार तक नहीं बनाया गया था। जबकि विवाद स्वयं मंदिर की संपत्ति से संबंधित था। न्यायालय ने अपनी टिप्पणी में यह भी देखा कि प्रस्तुत वसीयतनामा संदेहास्पद था और मूल राजस्व अभिलेख मंदिर/मठ की पारंपरिक गुरूझचेले प्रणाली की पुष्टि करते थे। इस अत्यंत संवेदनशील और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रकरण में अतिरिक्त महाधिवक्ता आनंद सोनी ने राज्य की ओर से अंतिम सुनवाई में स्वयं उपस्थित होकर प्रभावी संयोजित और गहन विधिक तर्क प्रस्तुत किए। उन्होंने न्यायालय के समक्ष राजस्व अभिलेख ओकाफ समिति के मूल रिकॉर्ड मंदिर की ऐतिहासिक संरचना पूर्व के न्यायालयीन निर्णयों तथा फर्जी दस्तावेज़ों के पूरे क्रम को अत्यंत स्पष्टता से रखा। अदालत ने माना कि प्रस्तुत तर्क न केवल सशक्त थे बल्कि वे उस संपूर्ण धोखाधड़ी को उजागर करते हैं जिसके माध्यम से भूमि पर गलत तरीके से दावा स्थापित करने की कोशिश की गई थी। इस निर्णय से मंदिर की भूमि पूरी तरह सुरक्षित हो गई है और यह सफलता बड़े पैमाने पर अतिरिक्त महाधिवक्ता आनंद सोनी की उत्कृष्ट पैरवी का परिणाम मानी जा रही है। विवादित भूमि राजस्व अभिलेखों के अनुसार ऐतिहासिक रूप से मंदिर/धर्मशाला की रही है और वर्ष 2006झ07 से यह संपत्ति विधिवत मूर्ति श्रीराम मंदिर व्यवस्थापक कलेक्टर के नाम दर्ज है। न्यायालय ने कहा कि किसी भी कपटपूर्ण दावे अथवा दस्तावेज़ से मंदिर की संपत्ति पर अधिकार स्थापित नहीं किया जा सकता हैं तथा किसी प्रकार का लाभ नहीं दे सकते।






### हाई कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासनिक मशीनरी ने की बड़ी कार्रवाई

हाईकोर्ट से मां बगलामुखी मंदिर परिसर के आसपास की जमीन पर सरकार के अधिकार की पुष्टि होने के बाद नगर में बड़ा प्रशासनिक एक्शन देखने को मिला। कोर्ट का फैसला आते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और देर रात मंदिर के पास विवादित भूमि पर बने अतिक्रमणों को हटाने की सख्त कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई रात के समय भारी सुरक्षा के बीच की गई। राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। वहीं बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई ताकि किसी तरह की बाधा न आए। अतिक्रमित जमीन पर वर्षों से बनी दुकानों को जेसीबी की मदद से हटाया गया। प्रशासन ने साफ किया कि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में मंदिर/धर्मशाला की संपत्ति दर्ज है और हाई कोर्ट के फैसले के बाद अब इस जमीन पर कोई अवैध निर्माण या कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि मंदिर की जमीन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और कोर्ट के निर्देशों के बाद इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के गैरकानूनी कब्जे को हटाने की कार्रवाही आगे भी जारी रहेगी। पूरी रात चली कार्यवाही को देखने के लिए भारी संख्या में नागरिकों का जमावड़ा भी लगा हुआ था।

### प्रशासनिक अमला रहा मौजूद

कार्रवाई के दौरान एडीएम राजेंद्र वर्मा एडिशनल एसपी रविन्द्र बोयट एसडीओपी देवनारायण यादव आगर थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सुसनेर थाना प्रभारी केसर सिंह राजपूत नलखेड़ा थाना प्रभारी नागेश यादव तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव सुसनेर तहसीलदार रामेश्वर दांगी सहित बड़ी संख्या में राजस्व व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रशासन द्वारा की गई अतिक्रमण मुक्त भूमि

भूमि सर्वे न.15/1 रकबा 0.742 सर्वे न.16 रकबा 0.073 सर्वे न.17 रकबा 0.115 सर्वे न.18 रकबा 0.648, सर्वे न.19 रकबा 0.094, सर्वे न.20 रकबा 0.711, सर्वे न.21/1 रकबा 0.042, सर्वे न. 21/2/1 रकबा 0.219, सर्वे न. 22 रकबा 0.136, सर्वे न.23 रकबा 0.178, सर्वे न.24 रकबा 0.021, सर्वे न.25 रकबा 0.010, सर्वे न.26 रकबा 0.105, सर्वे न.27 रकबा 0.146, सर्वे न.28 रकबा 0.324, सर्वे न.29 रकबा 0.199, सर्वे न.30 रकबा 0.021, सर्वे न.31 रकबा 0.031, सर्वे न.32 रकबा 0.084, सर्वे न.33 रकबा 0.481, सर्वे न.34 रकबा 0.303, सर्वे न.35 रकबा 0.773, सर्वे न. 37 रकबा 0.063, सर्वे न.38 रकबा 0.031, सर्वे न.39 रकबा 0.010 ग्राम डोकरपुरा कुल रकबा 5.56 हे. तथा सर्वे न. 249/1 रकबा 0.805 हे. ग्राम नलखेडा में कुल रकबा 0.805 हे. स्थित है जिसका महायोग रकबा 6.365 हैक्टर है।

### इनका कहना है...

इंदौर हाईकोर्ट द्वारा शुक्रवार को फैसला दिया गया है। जिसमें मां बगलामुखी मंदिर के पास मंदिर श्रीराम धर्मशाला मंदिर की लगभग 6.365 हेक्टर भूमि जो अतिक्रमण से मुक्त करवाकर आधिपत्य में ली गई है। मंदिर की उक्त जमीन को मंदिर के उपयोग में लिया जाएगा। यह मामला हाई कोर्ट में लगभग 17 18 वर्ष से प्रचलित था जिसका फाइनल शासन के पक्ष में निराकरण हुआ है निराकरण होते ही हाई कोर्ट के निर्देशानुसार हमने इसका कब्जा वापस से प्राप्त कर भूमि अपने अधिपत्य में ले ली है। हाई कोर्ट में चल रहे प्रकरण में जितनी भी जमीन, जितने भी खसरे मेंशन थे वह सभी शान द्वारा अपने कब्जे में ले लिए हैं। अब और कोई अतिक्रमण में नहीं बचा है। उसके सिवाय भी यहां चेक करवाया जा रहा है कि इसके सिवाय भी कोई अस्थाई अतिक्रमण या किसी भी प्रकार के अतिक्रमण में कोई भूमि मंदिर के आसपास की है तो उसकी रिपोर्ट बनाकर कार्यवाही की जाएगी।

**प्रीति यादव, जिला कलेक्टर, जिला आगर मालवा**

## इंडियन रेडक्रास सोसाइटी ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




शुक्रवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस पीजी कालेज इंडियन रेडक्रास सोसाइटी समिति के तत्वाधान में विधि महाविद्यालय, एनएसएस और एनसीसी के बड़ी संख्या में कैडेट्स और अधिकारियों ने भेंट की और आश्रम के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे आश्रम टीम का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर रेडक्रास सोसायटी के नोडल अधिकारी डॉ. तिमोथियस एक्का ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में इसके अंतर्गत संस्था में महाविद्यालयीन ईकाईयों के माध्यम से वृद्धाजनों, निशक्तजनों की सेवा, स्वस्थ्य और स्वच्छता आदि के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहाकि यहां पर मौजूद वृद्धजनों का आशीर्वाद विद्यार्थियों ने लिया। वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात की। इस यादगार मुलाकात में बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनमोल अनुभव छात्राओं के साथ साझा किए। बुजुर्गों की जीवन कहानियां सुनकर कैडेट्स भावुक हो गईं। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स और वृद्धजनों ने मिलकर गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा माहौल सुरमय हो गया। कैडेट्स ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को खाद्य सामग्री भी भेंट की। इस दौरान श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और आश्रम की ओर से मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आकाश राय, आनंद व्यास, कमलेश राय आदि ने इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के नोडल अधिकारी डॉ. तिमोथियस एक्का, मौली थामस एनएसएस अधिकारी, एनसीसी अधिकारी कमलेश अहिरवार, नीलम कुशवाहा, वैशाली राठौर, पूर्णिमा सिंह परिहार, विशाल परमार, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य राजकुमार साहू का स्वागत किया।

## पलक झपकते बहा ले जातीं नर्मदा की धाराएं पर नाविकों ने जान पर खेलकर बचाई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शुक्रवार दोपहर बुधनी के नए नर्मदा पुल पर ऐसा दृश्य सामने आया जिसने हर किसी की रूह हिला दी। करीब 45 वर्षीय महिला अचानक भीड़ के बीच से गुजरती हुई तेज़ कदमों से पुल की रेलिंग की ओर बढ़ी। कुछ ही सेकंड में वह रेलिंग पर चढ़ी और बिना किसी झिझक के गहरी नर्मदा की धारा में कूद गई। लोगों के पास होश संभालने का भी मौका नहीं था, तभी पानी की तेज़ लहरों ने उसे बहाना शुरू कर दिया। राहगीरों की चीखें गूंज उठीं, लेकिन किसी के पास उसे रोकने का कोई उपाय नहीं था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला ने ऐसा कदम बेहद दृढ़ इरादे से उठाया था। न वह रुकी, न पीछे मुड़ी, न किसी की आवाज़ सुनी, मानो उसने मौत से समझौता कर लिया हो। नदी में गिरते ही महिला कुछ सेकंड तक ऊपर दिखाई दी, फिर उफनती धारा उसे बीच की ओर खींच ले गई।

इसी बीच बेरखेड़ी घाट के पास नाव पर मौजूद नाविकों ने हालात भांपते हुए बिना सेकंड गवाए पूरा मोर्चा संभाला। नदी उफान पर थी, नाव डगमगा रही थी, लेकिन नाविकों ने परवाह किए बिना नाव को महिला की दिशा में दौड़ा दिया। कुछ पलों की बेहद खतरनाक जद्दोजहद के बाद नाविकों ने महिला को पकड़कर मौत के मुंह से बाहर खींच लिया।

सूचना पर बुधनी पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची। महिला अर्द्धचेतन, ठंडी सांसें और बिगड़ती नब्ज़ के साथ मिली। तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। महिला की पहचान अब तक उजागर नहीं हुई है। न कोई पहचान पत्र मिला, न कोई रिश्तेदार सामने आया। फिलहाल पुलिस इसे संदिग्ध मामला मानते हुए हर एंगल से जांच कर रही है। घरेलू विवाद, आर्थिक तनाव, या कोई आपराधिक दबाव?

एसडीओपी रवि शर्मा का कहना है कि महिला के होश में आने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। तभी यह साफ होगा कि आत्महत्या जैसी खौफनाक कोशिश के पीछे कारण क्या है। मजबूरी या कोई साज़िश? पुलिस ने मामले को क्राइम कोण से भी लेना शुरू कर दिया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### उर्स ग़रीब नवाज़ मनाने को लेकर हुई मीटिंग

**देवास।** शहर काज़ी अशरफ़ी विंग के तत्वावधान में उर्स ग़रीब नवाज़ मनाने को लेकर रईस संजरी के घर पर बैठक आयोजित की गई। शहर काज़ी देवास सीनियर मौलाना इरफ़ान अहमद अशरफ़ी साहब और काज़ी नोमान अहमद अशरफ़ी साहब की सरपरस्ती में यह मीटिंग रखी गई। मीटिंग का आगाज़ क़ाज़ी नौमान अहमद अशरफ़ी साहब ने तिलावत-ए-कुरआन से किया। इसके बाद सैयद ज़फ़र अली अशरफ़ी ने नात-ए-पाक पेश की। विंग के सदर डॉक्टर शरीफ़ जमाल अशरफ़ी ने पिछले साल हुए उर्स का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि लगातार 35 वर्षों से ग़रीब नवाज़ का उर्स मनाया जा रहा है। शहर काज़ी मौलाना इरफ़ान अहमद अशरफ़ी साहब ने सर्वसम्मति से मोहम्मद सईद खान अशरफ़ी को उर्स का कनवीनर और सैयद अमान अली को सेक्रेटरी नियुक्त किया। आगामी माह होने वाले ग़रीब नवाज़ के उर्स की व्यापक तैयारी को लेकर रूपरेखा भी तैयार की गई। मीटिंग में मुफ्ती जरीफ़ अहमद अशरफ़ी, सुल्तान अहमद अशरफ़ी, काज़ी हुसैन अहमद अशरफ़ी, सीरत कमेटी के सदर शकील पठान, पत्रकार, सेंट अशरफ़ फाउंडेशन के सदर जावेद शेख अशरफ़ी, बब्बू खान अशरफ़ी, मुस्तक़िम पटेल, अनवर खान रिज़वी, परवेज विनर, जाहिद सागर, शाकिर ठेकेदार, राजा कुरैशी, जबीर हुसैन नूरी, सैयद समीर अली, डॉ. बाबू सिया, गुड्डू पटेल, डॉक्टर फ़हीम अहमद अशरफ़ी, शहज़ाद मुक़ादम, अफ़ज़ल पटेल आदि मौजूद थे।

### विशेष राज्यव्यापी यातायात अभियान का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन जारी

# हेलमेट, वाहन बीमा, ओवरस्पीडिंग और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर विशेष केंद्रित

### विशेष अभियान डीजीपी मकवाना एवं एडीजीपी पीटीआरआई भोपाल अबसर के मार्गदर्शन में किया जा रहा संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संपूर्ण प्रदेश में 15 दिवसीय विशेष राज्यव्यापी यातायात अभियान 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। अभियान चार प्रमुख यातायात प्रवर्तन बिना हेलमेट के सवारी, बिना वैध बीमा के वाहन संचालन, ओवरस्पीडिंग और बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन संचालन जैसी श्रेणियों पर विशेष रूप से केंद्रित है।

### जिले में अभियान की कार्रवाई

जिला देवास में यह विशेष अभियान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन ज़ोन उमेश जोगा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के निर्देशन में समस्त एसडीओपी,समस्त थानाप्रभारी एवं चौकी प्रभारीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता एवं प्रवर्तन की संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को नगर पुलिस अधीक्षक देवास सुमित अग्रवाल,उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) बबिता बामनिया एवं थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक पवन बागड़ी द्वारा इनोवेटिव पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल देवास एवं सरस्वती ज्ञानपीठ स्कूल देवास में बच्चो को यातायात सुरक्षा एवं नियमों के पालन के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सायबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 एवं पुलिस सहायता हेल्पलाईन नम्बर डायल 112 के संबंध में भी जानकारी दी गई ।




### यातायात नियमों का पालन आवश्यक

यातायात नियमों का पालन न केवल स्वयं की सुरक्षा के लिए बल्कि समाज की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य लोगों में यातायात अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं दुर्घटनाओं में कमी लाना है। नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा तथा उल्लंघन पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है HRSP

इसका पुरा नाम हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (**HSRP**) है जो कि छेड़छाड़-रोधी, एल्युमिनियम निर्मित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं वाली नंबर प्लेट होती है, जिसका उद्देश्य चोरी, जालसाजी एवं वाहन की पहचान से संबंधित अपराधों को रोकना है। क्त राज्यव्यापी विशेष यातायात अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करना एवं वाहन चालकों में सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान विशेष रूप से हेलमेट उपयोग, वैध बीमा, निर्धारित गति सीमा के पालन तथा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (**HSRP**) के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करने पर केंद्रित है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान को रोका जा सके। वाहन चोरी एवं जालसाजी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। सड़क पर व्यवस्थित एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# टीवी इंस्टॉलेशन के बहाने महिला का मोबाइल नंबर लेकर भेजे अश्लील मैसेज

### पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एबी रोड़ स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से गुरुवार को एक ग्राहक ने टीवी खरीदा। अगले दिन शुक्रवार को टीवी कंपनी का कर्मचारी टीवी इंस्टॉलेशन करने के लिए ग्राहक के घर पहुंचा। वहां ग्राहक की पत्नी का मोबाइल उसने टीवी इंस्टॉलेशन के बहाने लिया और महिला की निजी जानकारी जुटाई। उसके बाद कर्मचारी मोहम्मद अनस ने महिला के नंबर पर अश्लील मैसेज भेजना शुरू किए जिसके बाद महिला के परिवार वालों और परिजनों ने शोरूम पहुंचकर जमकर हंगामा किया। महिला के परिजनों ने थाना बीएनपी पर एफआईआर भी दर्ज करवाई। वही शोरूम संचालक ने शिकायत मिलने पर बताया कि कर्मचारी थर्ड पार्टी वर्कर है जिसे तुरंत हटा दिया गया है।मामले में बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया किथाना बीएनपी अंतर्गत ग्राम मेंढकी धाकड़ के रहने वाले फरियादी द्वारा गुरुवार को एबी रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम क्रोमा सेंटर से टीवी खरीदी गई। शुक्रवार को टीवी कंपनी की तरफ़ से टीवी इंस्टॉलेशन के लिए कर्मचारी जब फरियादी के घर गया तो उसके द्वारा फरियादी पीड़िता का मोबाइल नंबर प्राप्त कर बाद में उसमें अश्लील मैसेज भेजे गए जिसकी सूचना प्राप्त होने पर प्रकारण पंजीबद्ध कर लिया गया है तथा उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेजा।

# जिला जेल में गायत्री परिवार ने किया गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की शाखा देवास द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत लगातार जनमानस के चिंतन को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला जेल देवास में भी गायत्री परिवार की टीम द्वारा जेल के बन्दी भाई बहनों को गीता के श्लोक सुना कर श्लोकों का अर्थ समझाया गया। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि जिला जेल में गायत्री परिवार की टीम द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत गीता के श्लोकों को सुना कर श्लोकों का अर्थ समझाया। नवागत जेल अधीक्षण विद्या भूषण प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजन हुआ जिसमें प्रसाद ने बंदियों को गीता के उपदेशों को धारण करने बात समझाई गई। मुख्य वक्ता के रूप में जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले, वरिष्ठ परिजन अरुण शैव्य, कांतिलाल पटेल व मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी थे। अरुण शैव्य व कांतिलाल पटेल ने बड़ी सरलता व सहजता से श्रीमद भागवत गीता का ज्ञान और सार सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले ने संबोधन में कहा कि हम सब भगवान श्रीकृष्ण को मानते जरूर है पर उनकी मानते नहीं है अर्थात श्रीमद भागवत गीता के अनुसार हमारे जीवन में परिवर्तन आना चाहिए हमारा जीवन नशामुक्त, भयमुक्त, आडंबर रहित और समाज हित में सृजनशील व लोक कल्याणार्थ बनना चाहिए। यही गीता का सच्चा उपदेश एवं सार है।आयोजन में जेल विभाग के विजयसिंह बारिया, बाबूलाल वर्मा, अभिन्नदन पटेल एवं कई अधिकारी व कर्मचारी सहित सैकड़ों बंदी भाई बहिन उपस्थित थे।

# साइबर सतर्कता ही साइबर सुरक्षा विषय पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास एवं विज्ञान महाविद्यालय देवास की एनसीसी इकाइयों एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय साइबर दिवस के अवसर पर साइबर हाइजीन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विद्या माहेश्वरी, कर्नल ज्ञानप्रकाश चौधरी कमांडिंग ऑफिसर 10 एमपी बटालियन एनसीसी उज्जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यशाला में एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. संजय गाडगे ने विद्यार्थियों व स्टाफ को संबोधित करते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए हम सभी को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार, पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग ईमेल की पहचान, मैलवेयर से बचाव, और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता सचिन चौहान एवं मोनू राणावत साइबर सेल जिला पुलिस देवास द्वारा वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों के उदाहरण प्रस्तुत किए गए, जिनसे विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं साइबर जोखिमों की गंभीरता को समझने में सहायता मिलेगी। प्रतिभागियों को स्ट्रांग पासवर्ड बनाने, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण (2एफए) का उपयोग करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और नियमित साइबर हाइजीन अपनाने की सलाह दी गई।

कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ एनसीसी कैडेट्स सहित महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यशाला में भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़े अपने प्रश्न एवं अनुभव साझा किए। कार्यशाला के माध्यम से यह संदेश दिया कि डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। कार्यशाला के अंत में आभार कैप्टन डॉ. संजय सिंह बरौनिया ने दिया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 और 2.0 की कार्यप्रगति की उपायुक्त जाफरी ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में जिस तरह से आवासों को पूर्ण कराया गया उसी तरह योजना 2.0 के लिए तैयार की गई 1178 हितग्राहियों की डी.पी.आर. की संचालनालय से स्वीकृति प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई करे। साथ ही 119 हितग्राहियों की सूची में दावे आपत्तियों का भी शीघ्रता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।निगम सभागृह में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 और 2.0 की कार्यप्रगति की आयोजित समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने तकनीकी अमले को दिए। प्रभारी कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा ने बताया कि बैठक में सभी सातों डी.पी.आर.में लिंटल स्तर पर लंबित 51,छत स्तर पर लंबित 248 प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण किया जाने हेतु कार्रवाई करने और मृत हितग्राहियों के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई पूर्ण के दिए निर्देश बैठक में दिए गए। उपायुक्त जाफरी ने ऐसे सात उपयांत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए जिन्होंने अपूर्ण आवासों पर करवाई नहीं की और प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखा है। बैठक में 103 हितग्राहियों की जिओ टैगिंग का कार्य एक सप्ताह की समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में भी चर्चा की गई।बैठक में उपयंत्री जितेंद्र सिसोदिया, विजय जाघव, राजेश कौशल, श्याम सुंदर, चंदन सोनी, अनीता ठाकुर, विजेता चंद्र, भूमिका जैन, करुणा जसोरिया, विमलेश सिंह, पीएम आवास योजना विभाग से अशोक दुबे, उमेश चतुर्वेदी, बृजमोहन सराठे, अखिलेश सिसोदिया, सारिका बांगर उपस्थित रहे।

# पीएम श्री विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कमलापुर में शुक्रवार को पालक–शिक्षक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के सभी कक्षा अध्यापकों ने उपस्थित पालकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, कक्षा में उनके प्रदर्शन तथा अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। प्राचार्य अनंत नागर ने पालकों से संवाद करते हुए बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में घर और विद्यालय दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पालकों से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें, समय–समय पर विद्यालय से संपर्क बनाए रखें तथा बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करें।बैठक में बच्चों की नियमित उपस्थिति, व्यवहार, अध्ययन आदतों तथा शैक्षिक सुधारों पर विशेष चर्चा की गई। पालकों ने भी विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ अपने सुझाव साझा किए और विद्यालय द्वारा की जा रही विभिन्न शैक्षणिक पहलों की सराहना की। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षक नसरीन खान ने सभी पालकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हैं, जिससे विद्यार्थियों के भविष्य को सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलती है।

### समान अधिकार यात्रा को लेकर श्री राजपूत करणी सेना द्वारा सभा आयोजित

# ईडब्ल्यूएस आरक्षण बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए: श्री करणी सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री राजपूत करणी सेना द्वारा सर्व समाज के हितों को लेकर आगामी 14 दिसंबर 2025 को सोनकच्छ में एक विशाल समान अधिकार यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा विशेष रूप से ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन) श्रेणी के हितों, अधिकारों और समस्याओं के समाधान हेतु समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यात्रा का शुभारंभ अन्नाज मंडी, सोनकच्छ (जिला देवास, मध्य प्रदेश) से दोपहर 1 बजे होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर देवास के मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में एक सभा आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में किरण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष, श्री राजपूत करणी सेना, जितेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश प्रभारी, रेखा खुमान सिंह बैस, देवास जिलाध्यक्ष, महिला इकाई, केवल सिंह चावड़ा, धार जिलाध्यक्ष, किशोर सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रहे। सभा की अध्यक्षता विशाल सिंह रघुवंशी, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, श्री राजपूत करणी सेना ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह ने कहा कि यह आंदोलन सर्व समाज के अधिकारों की पुनःस्थापना का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही केंद्र सरकार ने 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू किया है, लेकिन मध्य प्रदेश में लागू कठोर शर्तें इसे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचने से रोक रही हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के पात्र परिवार जटिल प्रावधानों की वजह से वास्तविक लाभ से वंचित हैं। प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह चौहान ने अपनी बात रखते हुए करणी सेना की प्रमुख मांगों को विस्तार से रखते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए। अन्य आरक्षित वर्गों की तरह प्रतियोगी परीक्षाओं में ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को 5 वर्ष की आयु सीमा छूट मिले। यूपीएससी सहित सभी परीक्षाओं में अतिरिक्त प्रयासों की अनुमति दी जाए। मेधावी विद्यार्थी योजना, आकांक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना जैसी राज्य योजनाओं में इडब्लूएस वर्ग को शामिल किया जाए।

### यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

अध्यक्षता कर रहे रघुवंशी ने बताया कि इस अभियान का नेतृत्व संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एकजुटता के साथ किया जा रहा है। जारी पोस्टर के अनुसार, कार्यक्रम में श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यात्रा का उद्देश्य है कि समाज में समान अवसर मिले ईडब्लूएस वर्ग के लिए न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना हो। संगठन द्वारा जारी पोस्टर में 'चलो सोनकच्छ - चलो सोनकच्छ' के संदेश के साथ समाज के प्रत्येक सदस्य से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने की अपील की गई है। इस अवसर पर कल्याण सिंह दरबार, सौदान सिंह, सुरेंद्र सिंह गौड़, सत्यजीत सिंह चौहान, दिलीप सिंह झाला, सवाई सिंह, अमित राजपूत, प्रवीण राजपूत, चेतन दरबार अमोना, जय सिंह बिंजना सहित बड़ी संख्या में श्री राजपूत करणी सैनिक व समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

### गीता जयंती महोत्सव का आयोजन एक दिसंबर को उत्कृष्ट विद्यालय देवास में

**देवास।** 29 नवंबर 2025/ मध्य प्रदेश शासन एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा 01 दिसंबर 2025 को गीता जयंती महोत्सव भव्य एवं दिव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी देवास ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम शालेय विद्यार्थियो के लिये उत्कृष्ट विद्यालय देवास में 01 दिसंबर 2025 को प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। जिला संयोजक कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि विश्व गीत प्रतिष्ठानम की योजना अनुसार मप्र शासन ने सभी तहसील, विकास खण्ड, जिला स्तर पर गीता जयंती महोत्सव के भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला स्तर पर 1100 एवं विकास खण्ड स्तर पर 500 लोगों द्वारा गीता के 15वें अध्याय का कंठस्थ पाठ किया जाना सुनिश्चित है। जिले के नागरिकों से अपील है कि आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
अपील क्रमांक–MA/5446/2024
Process Id: 231269/2025
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY LTD.
अपीलार्थी
DURGESH TIWARI, प्रत्यर्थी
प्रति,
Mukesh Sharma S/o Ramchandra Sharma, R/o Trilok Nagar H. No. 33 Ward No.6 Ujjain Road. Civil Line Dewas Tehsil Dewas District- Dewas, Madhya Pradesh
चूंकि उपर्युक्त मामले में श्री Appellant द्वारा ON I-A- 22181/2024 FOR CONDONATION OF DELAY के लिये आवेदन किया
अतः सूचित हो कि जबलपुर में आपकी उपस्थिति के लिये दिनांक 02-12-2025 नियत किया गया है और यह कि यह मामला उस दिन या उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस मामले में आपके लिये कार्य करने के लिये विधिवत् अधिकृत कोई अन्य व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो इसकी आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई की जायेगी और निर्णय दिया जायेगा।
कृपया इस बात में भी सूचित हो कि अपील/पुनरीक्षण/प्रकीर्ण सिविल मालने में मृत प्रत्यर्थी के लिये आपको वैध प्रतिनिधि प्रतिस्थापित करने का आदेश पारित किया जाता है और यदि इसके बाद आपकी ओर से आप या उसके वकील या आपकी ओर से कार्य करने के लिये विधिवत् अधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं होता है तो अपील/पुनरीक्षण/प्रकीर्ण सिविल मामले की आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई की जायेगी और निर्णय दिया जावेगा।
प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

## खबर संक्षेप

### पुराने मुकदमें में राजीनामा करने का बनाया दबाव, धमकाया

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी लक्ष्मन प्रसाद पुत्र बन्दू कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 18 नवम्बर को रात करीब 10 बजे रात में थाना नाराहट के ग्राम डोंगराखुर्द निवासी सोनू पुत्र बन्दू उर्फ प्यारेलाल व मुख्यालय के ग्राम पनारी निवासी कल्लू पुत्र जगभान कुशवाहा और बिरधा निवासी देशराज पुत्र लालचंद्र एकराय होकर आये और दरवाजा खट-खटाने लगे। आरोप है कि पुराने मुकद्दमें को लेकर राजीनामा करने के लिए दबाव बनाते हुये उक्त लोगों ने गालियां दीं और राजीनामा करने से मना करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और चले गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### फसल की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत रहने वाले अशोक पुत्र कंछेदी अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीतीं 27 नवम्बर को शाम 5-6 बजे के बीच उन्होंने गांव के जूजू पुत्र बादरे अहिरवार से फसल मरने की बात कही थी और वह घर आ गया। आरोप है कि उक्त लोगों में जूजू पुत्र बादरे, जगदीश पुत्र जूजू, रचपाल पुत्र जूजू, पुक्खन पुत्र जूजू ने एकराय होकर उसके साथ व उसकी मां उमेदी पत्नी कंछेदी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिसने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रचपाल अहिरवार पुत्र जुजे ने पुलिस को बताया कि वह घर पर था, तभी अशोक अहिरवार पुत्र कंछेदी आया और उसके व परिजनों के साथ गालियां देते हुये मारपीट करने लगा। बचाव करने आयी पत्नी के साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वाहन की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना पूराकलां के ग्राम नत्थीखेड़ा अंतर्गत मजरा नगलयाना में रहने वाले सुरेन्द्र पुत्र सीताराम यादव ने पुलिस को बताया कि 24 नवम्बर को उसका 19 वर्षीय पुत्र गुलशन मोटर साइकिल हीरो एक्सट्रीम नं. यू.पी.94 ए.सी. 8853 से अपने मामा के घर टपरियन जा रहा था। शाम करीब 5 बजे तेरई फाटक के आगे हाई-वे पर पीछे से आ रही टाटा मैक्सओन नं. एच.आर. 10 ए.टी. 5099 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि ग्राम तेरई टपरियन निवासी राजन सेन व अवतार यादव ने पीछे से आते हुये घटना को देखा और घायल को एम्ब्युलेंस के जरिए उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसके पुत्र गुलशन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महायज्ञ शिव कथा पुराण की कथा प्रारंभ

**ललितपुर।** ग्राम दैलवारा के गजेश्वर धाम रेल्वे स्टेशन रोड, में श्री शिवशक्ति पंच कुण्डात्मक महायज्ञ एवं संगीत मय शिव पुराण कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हो गया है यज्ञकर्ता ऋषभ गिरी महाराज महन्त नर्वदेश्वर महाराज,नागा बाबा रामानंद ऋषभ गिरी, सोमनाथ मठ, नागा बाबा गौरीशंकर गिरी महाराज, परमानंद महाराज चित्रकूट,महंत मुक्तानंद, सुरेन्द्रानंद गिरी देवीमठ, महाकाल महाराज उज्जैन, बालकानंद महाराज मौनी बाबा आश्रम निम्माहेडा, यज्ञाचार्य पं राजेश दुबे जबलपुर, शिवमहापुराण कथा वाचक सुश्री जयेश्वरी देवी वृन्दावन धाम मुख्ययज भीष्मप्रतापसिंह बुंदेला गौलूराजा, रामसेवक पाल परीक्षत, केहर सिंह बुंदेला, यशवंत सिंह,सोनू राजा, गोबरधन पाल, राम दयाल कुशवाहा, देशराज पाल,मदन पाल,अमर पाल, जगदीश कुशवाहा,इमारत कुशवाहा, आशा राम कुशवाहा, रामपाल सिंह, गोकुल शर्मा, अरविन्द सिंह आदि बड़ी संख्या में महिलाएं चल रही थी तत्पश्चात शिवपुराण कथा प्रारंभ हो गई।

### कैंप कार्यालय से राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी संपन्न

# कानून व्यवस्था को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने कैम्प कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी, जिसमे लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना-पत्रों, आईजीआरएस आदि की समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनपद में अपराधों की समीक्षा की गयी तथा लम्बित विवेचनाओं, पार्ट पीआई का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कर अभियोगों में वांछित, हिस्ट्रीशीटर, कुर्की अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, तामीला आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण व साक्ष्य परख तथ्यों के आधार पर उचित निस्तारण कराने, विवेचकों को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग करने तथा दौराने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के तहत अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कर पाबन्द कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

#### *निर्माणाधीन भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया जाए*

*एसपी ने क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया जाये एवं भवनों का निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण, शुचितापूर्ण व शीघ्र निर्माण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपराध पर नियंत्रण रखने हेतु सार्वजनिक, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर समुचित पुलिस प्रबंध, गस्त कर सतर्क दृष्टि रखने के संबंध आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत, गुमशुदा की सकुशल अति शीघ्र बरामदगी के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आईजीआरएस के सम्बन्ध में समीक्षा कर, पेंडिग आईजीआरएस का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें। लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, झपटमारी के अपराधों से सम्बन्धित जो अपराधी जमानत से बाहर है। उनका समस्त क्षेत्राधिकारी भौतिक सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा आदि अवैध कार्य किसी भी दशा में जनपद में न हो सकें।*

### श्रम सेवा राज्यमंत्री पहुंचे

## एसआईआर गहन परीक्षण अभियान में किया संपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गृह जनपद ललितपुर के ब्लॉक बिरधा के अंतर्गत श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने अपने विधानसभा महरौनी के मंडल पाली के सेक्टर मादौन धौर्रा में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ संख्या 412 बमोरी पठार बूथ संख्या 415, 416 जहाजपुर बूथ संख्या 417 धौर्रा एवं बूथ संख्या 420, 421 पिपरई में मतदाताओं से जन सम्पर्क कर फार्म भरने का अनुरोध किया । उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आप यह मान कर चलें कि पुरानी मतदाता सूची लगभग शून्य हो कर पुनः नयी मतदाता सूची वन रही है इसलिए हर मतदाता को पुनः फार्म भरने की गहन अनिवार्यता है। उन्होंने वी एल ओ से भी उनके कार्य सम्बंधित जानकारी ली और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी अपने फार्म भर कर वी एल ओ को भरपूर सहयोग देने की अपील की । उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सब लोग मतदाताओं से घर घर जाकर सम्पर्क करें और उनसे जल्द से जल्द वोटर फार्म भर कर वोटर वनने की अपील करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे आमजन को अधिक से अधिक मतदाता वनने को प्रेरित करें। इस अवसर पर उनके साथ पाली मण्डल अध्यक्ष बृजेश सिंह लोधी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, विनोद मिश्रा, धर्मेन्द्र राजा गोना, रवीन्द्र राजा परमार, बाबीराजा महोली आदि उपस्थित रहे।

### जालौन के कार्यक्रम में हुए सम्मानित

## रक्तदान जागरूकता की मिसाल बने प्रिंस राठौर व राधिका तिवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार सक्रिय रहने वाले समाजसेवी प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी को जालौन के मानपुरा (छौना) में आयोजित वीर कुंवर जनकल्याण सेवा फाउंडेशन के प्रथम वार्षिकोत्सव के सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। प्रगति रक्तदान सेवा समिति अध्यक्ष प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी लंबे समय से रक्तदान आंदोलन को बढ़ावा देने, लोगों को प्रेरित करने और सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके निरंतर प्रयासों और योगदान को देखते हुए संस्था की ओर से दोनों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रगति रक्तदान सेवा समिति के अध्यक्ष प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी लंबे समय से रक्तदान आंदोलन को बढ़ावा देने, लोगों को प्रेरित करने और सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके निरंतर प्रयासों और योगदान को देखते हुए संस्था की ओर से दोनों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संस्था ने बताया कि समाज के उन लोगों को सम्मानित करना उनका उद्देश्य है, जो बिना किसी स्वार्थ के जनहित में विशेष योगदान दे रहे हैं। इस दौरान प्रदेश की 51 अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। ग्रामीणों और आगंतुकों ने प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से रक्तदान अभियान को नई दिशा और ऊर्जा मिली है।

### जीआरपी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

## छत्तीसगढ़ से गहने, प्रयागराज एक्सप्रेस से मोबाइल ले उड़े चोर

**ललितपुर।** तालबेहट थानान्तर्गत पुराना बार तिराहा बांसी निवासी रंजना पुलैया पत्नी भैयालाल पुलैया ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 नवम्बर को वह ट्रेन नं. 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच में अपने परिवार के साथ ललितपुर से भोपाल की ओर यात्रा कर रही थी।

यात्रा के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के आकर खड़ी थी और वह ट्रेन में बैठ गयी। बताया कि ट्रेन में जाकर उसने अपना पर्स देखा तो वह नहीं था। बताया कि यश ज्वैलर्स लिखा हुआ उसका छोटा पर्स गायब था। काफी खोजबीन करने पर भी पता नहीं चला। पर्स में सोने की चार चूड़ी कीमत 24 हजार रुपये, एक सोने का हार कीमत करीब 24 हजार रुपये, 5 ग्राम की अंगूठी कीमत 6 हजार रुपये व 2 जोड़ी चांदी की पायल कीमत 25 हजार रुपये, बिछुड़ी 3400 रुपये, सोने के टॉप्स कीमत 15 हजार रुपये कुल सामान 1 लाख 37 हजार 400 रुपये का सामान चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर बांदा जिला के थाना चिल्ला अंतर्गत ग्राम डिघवट निवासी करन पुत्र जयपाल ने जीआरपी पुलिस को बताया कि 29 अक्टूबर को वह ट्रेन सं. 14116 प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में बांदा से उज्जैन की यात्रा कर रहा था।

यात्रा के दौरान उसने ललितपुर आने के पहले अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाकर बाशरूम चला गया। वापस आने पर उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था। उसने कोच में काफी तलाश किया, लेकिन फोन नहीं मिला। मोबाइल की कीमत करीब 18500 रुपये थी और फोन में सिम डली थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### सैनिक बंधुओं की डीएम ने सुनी समस्याएं

## प्रकरणों से संबंधित विभागों के अफसरों को निस्तारण के लिए आदेश दिया




**ललितपुर।** सैनिक बन्धु बैठक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उपस्थित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों की समस्याओं की सुनवाई सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम जिसे का अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया ने जिलाधिकारी एवं विभागों से आये अधिकारियों / प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। जि.से.क.अधिकारी ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं से भूतपूर्व सैनिको, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं आश्रितो को अवगत कराया। जिलाधिकारी को पिछली सैनिक वन्धु बैठक में आई शिकायते लम्वित / निस्तारण के बारे में अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को सभी दसतावेजों के सहित अपने कार्यालय में बुलाया एवं लम्वित प्रकरणों से सम्वन्धित विभागों के अधिकारियों को अतिशीघ्र निस्तारण का आदेश दिया एवं सभी भूतपूर्व सैनिकों को जल्दी समस्या समाधान हेतु भरोसा दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिको, आश्रितों एवं उनकी विधवाओं को सैनिक बन्धु बैठक में आकर अपनी समस्यायों से अवगत कराये एवं उन्होने आश्वासन दिया कि समस्यायों का निस्तारण, समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

### एलजेपी (आर) का 25 वां स्थापना दिवस मनाया

## गोलू ठाकुर ने पार्टी के कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**ललितपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का स्थापना दिवस शनिवार को जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यालय में जिला प्रभारी गोलू ठाकुर के आगमन ने कार्यकर्ताओं का जोश दोगुना कर दिया।

जिला प्रभारी ने पार्टी के संघर्ष से लेकर सफलता तक की यात्रा का प्रेरक प्रसंग कार्यकर्ताओं से साझा कर पार्टी के विस्तार और प्रगति का रोडमैप तैयार किया। जिलाध्यक्ष ओमी राजा ने पार्टी को मजबूत करने हेतु कुछ सूत्रों का विवरण दिया। ओमी राजा ने कहा कि पार्टी सभी समाज, वर्ग, जाति और शोषितों को साथ लेकर चलने का मत रखती है। पार्टी में सभी कार्यकर्ता समान हैं और हम सबको मिलकर स्व.रामविलास पासवान के देखे गए सपनों को पूरा करना है। महामंत्री शैलेन्द्र सिन्हा ने पार्टी की सदस्यता को बढ़ाने और समाज के निचले से उच्च स्तर तक के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता को जताने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पार्टी नए जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ेंगी जिससे पार्टी सफलता का नया आयाम तय करेगी। जिला प्रभारी पार्टी संस्थापक स्व.रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। नगराध्यक्ष बृजेश जैन बलची ने प्रत्येक कार्यकर्ता को नए नए सदस्य पार्टी से जोडऩे हेतु जन जन तक पार्टी के उद्देश्यों को फैलाने पर जोर दिया। अंत में महिला प्रकोष्ठ ने गोलू ठाकुर का सम्मान किया। एलजेपी (आर) कार्यकारिणी सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। पार्टी कार्यालय में सदस्यों, ब्लॉक कार्यकारिणी, नगर कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ सदस्यों को जिलाध्यक्ष ओमी राजा ने आभार जताया।

## 8वें वेतन आयोग में अन्य लाभों को शामिल करें




**ललितपुर।** केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रिफरेंस में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशन की समस्याओं को शामिल किये जाने की मांग की गयी है। इस सम्बन्ध में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोशियेशन ने जिलाध्यक्ष जे.के.सिंह ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। बताया कि केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन विषयक भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) के संकल्प पत्र 3 नवम्बर को देखते ही देश के पेंशनरों में निराशा एवं क्षोभ व्याप्त हो गया है। इसका मुख्य कारण पूर्व में अभी तक गठित केन्द्रीय वेतन आयोगों के विषय बिन्दु में पेंशनरों की पेंशन एवं अन्य लाभों का संदर्भ शामिल रहता है, परन्तु मौजूदा आठवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र में इस विषय को छोड़ दिया गया है। पूर्व अनुभवों को साझा करते हुये अवगत कराया कि वेतन आयोगों के गठन के इतिहास से पहली बार ऐसा हो रहा है कि वेतन आयोग की अनुशंसाओं को लागू करने की तिथि के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन पुनरीक्षण को वेतन आयोग के दायरे से बाहर कर दिया गया है। आपका कार्यकाल प्रारंभ होने के कुछ ही समय पहले गठित सातवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र 28 फरवरी 2014 के पैरा च में स्पष्ट रूप से पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य लाभों को वेतन आयोग के दायरे में लाया गया है। समस्याओं के निस्तारण की मांग उठायी है। जिलाध्यक्ष जे.के.सिंह, सचिव ए.आर. रिछारिया के अलावा लोग मौजूद रहे।

### फरियादी गंभीर रूप से घायल

## फसल में पानी देकर वापस आ रहे किसान पर किया हमला

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कल्यानपुरा के मजरा रामनगर निवासी कामता अहिरवार पुत्र हल्लू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 नवम्बर को अपने खेत पर पानी लगाने फसल में गया था। वह पानी लगाकर घर वापस आने के दौरान रास्ते में शाम करीब 7 बजे मजरा के ही रहने वाले भैरों पुत्र जानकी अहिरवार, रामसिंह पुत्र किस्सा, हरी पुत्र जानकी, भागवती पत्नी हरी ने एकराय होकर बिना कारण गालियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोरगुल होने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### बेटना स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी

पाली थानान्तर्गत ग्राम बंगरिया में रहने वाले अंकेश पुत्र आशाराम कुशवाहा ने नाराहट पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 24 नवम्बर को शाम करीब 5 बजे वह ग्राम बेटना से नाराहट बाजार में आया हुआ था। वह अपने भाई विनोद कुमार की मोटर साइकिल से आया हुआ था। बताया कि उसने मोटर साइकिल को बेटना स्टेण्ड पर खड़ी कर दी और सामान लेने लगा। वापस आया तो उसने देखा कि उसकी बाइक मौके से गायब थी। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली।

### जिला पौधारोपण व पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

## सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर जन-जागरूकता पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



विकास भवन में सीडीओ की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपप्रभागीय वनाधिकारी सतेन्द्र सिंह तोमर ने विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गयी कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध, जन जागरूकता एवं जुर्माने की कार्यवाही पर चर्चा की गयी। ईओ नगर पालिका को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस वर्ष किये गए पौधारोपण की त्रमासिक जीवितता प्रतिशत पर चर्चा करते हुए सम्बंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि सूचना दो दिन के भीतर प्रभागीय निदेशक कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। बैठक में वर्ष 2025 में कराये जाने वाले वृक्षारोपण की जियो टैगिंग पर चर्चा करते हुए सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य दो दिन में पूर्ण कराते हुए सूचना प्रेषित करें। मुख्यमंत्री की द्वारा सतत विकास की अवधारणा से जनमानस को जोडऩे हेतु सभी ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों में ग्रीन चौपाल के गठन पर चर्चा की गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि जनपद की सम्पूर्ण ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल का गठन किया जा चूका है एवं शासनादेश अनुसार माह के तीसरे शुक्रवार को चौपाल का आयोजन कराया जाना है। बैठक प्रदेश में वृहद् वृक्षारोपण 36 करोड़ पौधरोपण हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार की जाने वाली माइक्रोप्लान पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त विभाग ग्राम पंचायतवार ग्रीन चौपाल के माध्यम से समय योजना तैयार करते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करेंगे एवं सूचना प्रभागीय निदेशक कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि सूचना पीएमएस पोर्टल पर अपलोड की जा सके। बैठक में पराली प्रबंधन पर चर्चा हुए अवगत कराया गया कि इस वर्ष पराली जलाने के एक भी प्रकरण सामने नही आया है। जनपद में स्थानीय निकायों से जनित नगरीय ठोस अपशिस्ट एवं समस्त राजकीय व निजी स्वास्थ्य केन्द्रों/अस्पतालों तथा पशु चिकित्सालयों से जनित जैव अपशिस्ट के निस्तारण की समीक्षा की गयी एवं मानक अनुरूप निस्तारण के निर्देश दिए गए। बजाज पॉवर प्लांट में जनित फ्लाई एश के निस्तारण की समीक्षा की गयी एवं क्षेत्रीय अधिकारी, उशप्रश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मानक अनुरूप निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिला गंगा समिति की बैठक में मडावरा ब्लाक की बंडई नदी के पुनरुद्धार हेतु समिति गठित कर निरीक्षण एवं योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। प्रवाहित नालों की मैपिंग,टैपिंग स्क्रीन इंस्टालेशन एवं फाईटो रेमेडियेशन पर चर्चा करते हुए ईओ नगर पालिका एवं अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

### जिला पंचायत ने जारी किया आदेश, वित्तीय अनियमितताओं के चलते कार्रवाई

# 4 पूर्व सरपंच 6 साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगढ़

राजगढ़ जिले की ग्राम पंचायतों में बगैर निर्माण करे राशि का आहरण सहित अन्य लापरवाहियों एवं अनियमिताओं के मामले नए नहीं है। ग्राम पंचायतों के जिम्मेदार पंचायतों के विकास कार्यों के लिए आई राशि तो निकाल लिया करते हैं लेकिन मौके पर कोई काम नजर नहीं आता।

जिले की ऐसी ही चार ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों ने अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न कार्यों के लिए आई राशि तो आहरित कर ली लेकिन कार्य नहीं करवाया। बाद में जिला पंचायत ने उन्हें वसूली या कार्य करवाने के नोटिस प्रदान किए। ग्राम पंचायतों ने बाद में कार्य करवाया वहीं एक पंचायत द्वारा वसूली राशि भी जमा करवा दी गई। लेकिन, उक्त कार्य तब किया गया जहां वित्तीय अनियमितता उजागर हो चुकी थी। ऐसे में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने जिले की जीरापुर जनपद की ग्राम पंचायत घोघटपुर, झाड़मऊ, तमोलिया एवं खिलचीपुर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत अभयपुर के चार पूर्व सरपंचों को 6 वर्ष के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करने संबंधी आदेश जारी किए हैं। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत उक्त कार्यवाही की गई है।

#### ये हैं इन चारों ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंच

जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार घोघटपुर की पूर्व सरपंच सावित्रीबाई, झाडमऊ के पूर्व सरपंच गजपाल सिंह, तमोलिया ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच बल्लभबाई एवं ग्राम पंचायत अभयपुर के पूर्व सरपंच बीरमसिंह शामिल हैं।

#### किस सरपंच ने कितनी राशि निकाली


जीरापुर की घोघटपुर पंचायत में आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए आए 6 लाख रुपए, झाड़मऊ पंचायत में गौशाला एवं एप्रोच निर्माण की राशि 10 लाख 38 हजार, तमोलिया पंचायत में सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण के लिए आए 3 लाख 25 हजार एवं अभयपुर पंचायत में सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक कूप हेतु आई 2 लाख रूपए की राशि पूर्व सरपंचों द्वारा आहरित कर ली गई थी लेकिन कार्य नहीं कराया गया।

बाद में जिला पंचायत ने उक्त पंचायतों को वसूली के नाटिस प्रदान किए जिसके उपरान्त अभयपुर सरपंच द्वारा 2 लाख रुपए राशि जमा करवा दी गई वहीं अन्य सरपंचों ने राशि जमा न करवाते हुए निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिए। चूंकि, वित्तीय अनियमिता तो साबित हो चुकी थी ऐसे में उक्त चारों सरपंचों को अब मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के प्रावधानों के तहत 6 वर्ष के लिए निरर्हर (चुनाव लड़ने हेतु अयोग्य) घोषित किया गया है।

### पीड़िता ने न्याय के लिए सीएम से लगाई गुहार

# आत्महत्या की कोशिश के कारणों की जांच व आया के पद पर पुनः नियुक्ति की मांग

**ब्यावरा।** 3 अगस्त को सिग्मा इंफोटेक आउटसोर्स कंपनी द्वारा पीड़िता को मानसिक प्रताड़ना व तनाव के चलते आत्महत्या करने की कोशिश की थी जिसकी शिकायत तत्कालीन कलेक्टर, सिविल सर्जन व सीएमएचओ से की गई। जिसकी जांच का आश्वासन दिया गया था परंतु आज दिनांक तक उसकी जांच नहीं हो पाई और दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह के आरोप को आधार बनाते हुए पीड़िता रीना बामनिया ने एक शिकायती आवेदन मुख्यमंत्री को दिया है। जिसमें सिग्मा कंपनी के तात्कालीन सुपरवाइजर उदयसिंह व संतोष सिंह को इस बात के लिए



जिम्मेदार बताया गया है कि उन्होंने ही आया के पद पर होने के बाद भी 12-12 घंटे काम करवाया और महीने में अवकाश तक नहीं दिए गए थे। ऐसे में रीना ने मुख्यमंत्री से गुजारिश की है कि वह उन्हें न्याय दिलाते हुए पुनः आया के पद पर नियुक्ति करवाने व दोषियों पर कार्रवाई करने में मदद करें जिससे हम अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके।

#### उदयसिंह बोले - पुलिस में बयान हो गए हैं

वहीं जब मामले को लेकर तात्कालीन कंपनी के सुपरवाइजर उदयसिंह से बात की गई तो उन्होंने बोला है कि मामले में जांच हो रही है और मेरे बयान पुलिस में हो गए हैं। कंपनी कभी भी किसी को मानसिक प्रताड़ित नहीं किया और न ही मैंने सारे आरोप झूठे व असत्य हैं उनका कोई आधार नहीं है।

## मटन मार्केट हटाने के लिए वार्डवासियों ने दिया ज्ञापन

***माचलपुर।*** *नगर के वार्ड क्रामंक 15 आवास कॉलोनी में रहवासी बस्ती में संचालित मटन मार्केट जिसके कारण वहां रहने वाले को लोगो को परेशानियों का लगातार सामना करना पड़ता है इस मार्केट को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग लगातार वार्ड के निवासियों द्वारा लगातार की जा रही है। लगातार इसे हटाने मांग के बावजूद भी इसे मार्केट को हटाने की कोई कार्यवाही नहीं की गई है! ज्ञापन में कहा गया है की अगर आठ दिनों में इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में नगर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद गुर्जर दयाराम राठौर, राधेश्याम गुर्जर, रवि राठौर, लालचंद कुम्हार, पप्पू ठाकुर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।*

### पुलिस के हस्तक्षेप के बाद खुला ताला, सफाईकर्मी बैठे हड़ताल पर

# सफाईकर्मियों ने नपा में लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

दो माह से वेतन न मिलने से नाराज नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी सफाईकर्मियों का धैर्य गुरुवार को टूट गया। कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में ताला लगाकर विरोध जताते हुए अनिश्चिकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।



कर्मचारियों का कहना है कि पिछले दो महीनों से वेतन भुगतान नहीं किया गया, जिससे परिवार के भरण-पोषण में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके विरोध में उन्होंने ताला डालकर काम बंद करने का निर्णय लिया। प्राप्त ज्ञापन के अनुसार सफाईकर्मियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को बताया कि दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। कई कर्मचारी परिवार चलाने, बच्चों की पढ़ाई तथा रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में असमर्थ हो रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन और अधिक उग्र किया जाएगा। ताला लगाए जाने की जानकारी मिलते ही नगर पालिका प्रशासन और थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंची तथा कर्मचारियों से चर्चा कर समझाइश दी। वहीं सीएमओ ज्योति सुनेरे ने कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि नगर पालिका में 25 लाख की चुंगी आती है जबकि कर्मचारियों का वेतन 55 लाख तक पहुँचता है।

### विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ के निर्देश

# 5 उपयंत्री व 2 सहायक यंत्रियों का तीन दिवस का वेतन काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगढ़

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में शुक्रवार दोपहर जिला पंचायत सभागार में सभी जनपदों के सहायक यंत्री, उपयंत्रियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान 'एक बगिया मां के नाम' योजना में कम प्रगति नजर आने पर खिलचीपुर जनपद के तीन उपयंत्रियों एवं एक सहायक यंत्री का तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले ने प्रदान किए।

इस तरह उक्त योजना में लापरवाही पर नरसिंहगढ़ जनपद के भी एक सहायक यंत्री एवं दो उपयंत्रियों का 3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। सीईओ गढ़पाले द्वारा मनरेगा योजनाओं, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की जा रही थी।



#### 1 दिसंबर से सार्थक एप पर उपस्थिति अनिवार्य

उक्त समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ ने सभी जनपद कार्यालयों के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, इंजीनियरों के लिए आगामी 1 दिसंबर से रजिस्टर की बजाय सार्थक एप पर ही अपनी अटेंडेंस लगाने के तल्ख निर्देश प्रदान किए गए हैं। कईं बार देखने में आया कि जनपदों के कर्मचारी फील्ड में रहने का बहाना बनाकर या अगले दिवसों में आकर रजिस्टरों में उपस्थिति दर्ज कर दिया करते थे। ऐसे में जनपदों से जुड़े सभी अमले को सार्थक एप पर ही अपनी उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।


# छात्रों ने किया औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण



**तलेन।** इकलेरा हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने में एसबीएस प्राइवेट आईटीआई तलेन का भ्रमण किया व आईटीआई में लिए जाने वाले प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त करी छात्रों ने पजप करने के बाद किस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं इसकी जानकारी दी गई। छात्रों के साथ स्कूल की प्राचार्य प्रियंका बिझानी शिक्षक रविन्द्र सेन विनोद कुमार दयाराम लववंशी भी साथ रहे एसबीएस आईटीआई के संचालक नंदकिशोर यादव व शिक्षक अंकित शर्मा, शाहरुख मंसूरी द्वारा सभी छात्रों को आईटीआई में करियर संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### निरीक्षण के लिए विक्की अमेरिका जाएंगे

# बीना रिफाइनरी की पुरानी कंट्रोल यूनिट बदलेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

बीना रिफाइनरी में तकनीकी आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। रिफाइनरी की करीब 16 साल पुरानी कंट्रोल यूनिट को बदलकर अत्याधुनिक नई कंट्रोल यूनिट स्थापित की जा रही है। इस यूनिट का परीक्षण, गुणवत्ता जांच और तकनीकी निरीक्षण करने के लिए ब्यावरा निवासी विक्की खस 29 नवंबर को अमेरिका रवाना होंगे।

विक्की खस मूल रूप से ब्यावरा के निवासी और वरिष्ठ पत्रकार कमल खस के अनुज भ्राता हैं। वे वर्तमान में भारत पेट्रोलियम की बीना रिफाइनरी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। रिफाइनरी के संचालन, नियंत्रण व्यवस्था और तकनीकी प्रबंधन में उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चयनित किया गया है। विक्की अमेरिका के शिकागो शहर स्थित तकनीकी सेंटर में पहुंचकर नई कंट्रोल यूनिट का विस्तृत निरीक्षण करेंगे। यह यूनिट इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुसार तैयार की जा रही है। निरीक्षण के दौरान वे यूनिट की कार्य क्षमता, सेफ्टी पैरामीटर, कंट्रोल सिस्टम रिस्पॉन्स, ऑटोमेशन टेस्टिंग और विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं का गहन विश्लेषण करेंगे। सभी परीक्षण सफल होने के बाद इस यूनिट को भारत भेजा जाएगा और बीना रिफाइनरी में स्थापित किया जाएगा। विक्की खस ने बताया कि नई कंट्रोल यूनिट के आने से रिफाइनरी की कार्य क्षमता, सुरक्षा और उत्पादन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### घुरेल पहाड़ी पर पशुपतिनाथ महादेव का मंदिर बनेगा

# नवीन मंदिर निर्माण कार्य का मंत्री पंवार ने किया भूमिपूजन

**ब्यावरा।** विधानसभा क्षेत्र की पावन घुरेल पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के नवीन मंदिर निर्माण कार्य का शुभ भूमि पूजन श्रद्धा और भक्ति के पवित्र वातावरण में सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन के मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री नारायण सिंह पंवार रहे, जिन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ विधि-विधान से पूजन कर मंदिर निर्माण की शुरुआत की।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने निर्माणकर्ताओं से कहा कि घुरेल पहाड़ी केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। ब्यावरा विधानसभा ही नहीं, आसपास के जिलों के नागरिक भी यहां गहरी श्रद्धा से भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन करने आते हैं। इसलिए यह मंदिर ऐसा बने जो सबकी श्रद्धा को पूर्णता दे और क्षेत्र की पहचान बने।

उन्होंने आगे कहा कि भगवान का मंदिर बनाने का सौभाग्य उनकी प्रेरणा से ही मिलता है। हम सभी सिर्फ एक निमित्त हैं वास्तविक कार्य तो उनकी इच्छा से ही



पूर्ण होता है। मंदिर निर्माण किसी सामान्य कार्य की तरह नहीं, बल्कि अत्यंत पुण्य और दिव्य कार्य है। उन्होंने स्थानीय समिति, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से घुरेल पहाड़ी पर बनने वाला यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास, पर्यटन और रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा।

### उद्धबोधन को कांट-छांटकर प्रस्तुत किया

# आईएएस संतोष वर्मा के पक्ष में उतरी अजाक्स, सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** ब्रहामण समाज की बेटियों के लिए कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के चलते जिले सहित पूरे प्रदेश में भत्रसना झेल रहे आईएएस संतोष वर्मा के पक्ष में अजाक्स संगठन सामने आया है। अजाक्स संगठन के कईं जिला पदाधिकारियों ने शुक्रवार शाम कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 23 नवंबर को भोपाल में आयोजित संगठन के प्रांतीय अधिवेशन में प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा ने सामाजिक समरसता, सद्भाव, जातिवाद उन्मूलन संबंधी 27 मिनट का उद्धबोधन दिया था। अगर उक्त संबोधन को पूरा सुना या देखा जाए तो यह रोटी-बेटी के संबंधों पर आधारित एवं जात-पात से ऊपर उठकर मानवता एवं संविधान को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देता है। लेकिन, कुछ समाज विरोधी तत्वों द्वारा उक्त 27 मिनट के भाषण में से महज 07 सेकंड की वीडियो क्लिप बनाकर भ्रामक तरीके से सामाजिक वैमनस्य फैलाने हेतु प्रसारित एवं प्रचारित कर दिया गया।

# सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाईस्कूल में स्पोर्ट्स डे का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

सेंट जॉर्ज कॉनवेंट हाईस्कूल में वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उज्जैन धर्मप्रान्त के बिशप डॉ. स्वास्टीन वडक्कल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में खेल एवं अनुशासन के गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व तब और बढ़ जाता है जब हम हार-जीत को सहज स्वीकारते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता सीखने का अवसर देती है तथा हार अगले प्रयास को और श्रेष्ठ बनाती है। कार्यक्रम की शुरुआत बैंड की धुनों पर गरिमा के साथ हुई। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को आनंदमय बना दिया।

### माचलपुर के राजपुरा से सटे गांवों में लोग दहशत में जीने को मजबूर

# 15 दिन से बाघ की मूवमेंट पर नहीं जागा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

पिछले 15 दिनों से माचलपुर के राजपुरा, फिरोजपुरा, घाटाखेड़ी, रांगडा (राजस्थान) व आसपास के गांवों में बाघ की मूवमेंट के चलते लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। राजपुरा गांव के सरपंच शिवसिंह गुर्जर ने बताया की पिछले 15 दिनों से खेतों में व आसपास जंगल में बाघ देखा जा रहा है जिसने कई हिरणों व नीलगायों का शिकार की किया है। इसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को भी दी परंतु विभाग ने दिलचस्पी न लेते हुए गा्रमवासियों को भगवान भरोसे छोड़ दिया। चूंकी सभी गांव राजस्थान की सीमा से चंद मीटर की दूरी पर ही है शायद वन विभाग इसी को आधार बनाकर ग्रामीणों को अपने हाल पर छोड़ गए नहीं तो बाघ की सूचना मिलने पर उसे पकड़ने की पहल क्यों नहीं की गई।



#### नहीं कर पा रहे अपनी फसलें

राजपुरा व आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि हम बाघ के डर के कारण अपने खेतों पर नहीं जा पर रहे। अभी पानी व खाद देने का समय है परंतु हम लोग खेतों पर नही जा रहें हैं साथ ही अपने दुधारू जानवर भी बाहर निकालने में डर लग रहा है।

#### रात में ग्रामीणों ने निकलना किया बंद

ग्रामीण बताते हैं कि हमने एहतियात के तौर पर रात में निकलना बंद कर दिया है क्योंकि बाघ का कोई ठिकाना समझ ही नहीं आ रहा की वह कब कहां घटना घटित कर दे।

#### इनका कहना है...

पहले डिप्टी रेंजर जाए और हमें सूचना दें तब हम जाएंगे। हमारे पास कोई सूचना नहीं है।

**डीके भिलाला, उड़नदस्ता प्रभारी**

हमें सूचना प्राप्त हुई थी और हमने सर्च भी करवाया परंतु बाघ के मूवमेंट के निशान नहीं मिले फिर भी हमारे वीट प्रभारी बाघ होने की पुष्टि करने पूरी नजर बनाए हुए हैं।

**शिवकुमार चौहान**
**रेंजर वन विभाग**

# समता परिषद ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि



**सारंगपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक होने के साथ-साथ महिला शिक्षा एवं सामाजिक सुधारो के पक्षधर थे उन्होंने समाज को नई दिशा देने एवं प्रगतिशील चिंतक होने के साथ-साथ निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करते हुए समाज में सामाजिक समरसता का काम किया उन्होंने अस्पृश्यता, शोषण व भेदभाव के विरुद्ध हमेशा संघर्ष किया। यह बात फूल माली समाज सारंगपुर क्षेत्र एवं महात्मा ज्योतिबा फुले समता परिषद जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को नया बस स्टैंड स्थित महात्मा फुले प्रतिमा स्थल पर आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने कहीं कार्यक्रम को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर धुरव भल्ला मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया समाजसेवी खुशी लाल पुष्पद पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम बागवान महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों को विस्तार से बताया। सभी अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अन्य लोग मौजूद थे।